प्रैस नोट

दिनांक 29.11.2011 को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नवाही जिला मण्डी के एक शिक्षक द्वारा उसी पाठशाला की एक छात्रा के साथ छेड–छाड का मामल प्रकाश में आया है। उक्त समाचार पत्र का अवलोकन करने पर व पाठशाला से सम्बन्धित सूचना प्राप्त होने पर पाया गया है कि उक्त शिक्षक का नाम विजय कुमार गुलेरिया है जो कि प्रवक्ता राजनीति शास्त्र के पद पर कार्यरत है। पुलिस से प्राप्त सूचनानुसार उक्त प्रवक्ता को 28.11.2011 को पुलिस द्वारा हिरासत में ले लिया गया है। अतः मामले की गंभीरता को देखते हुए विभाग द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। मामले में कड़ा संज्ञान लेते हुए शिक्षा निदेशक उच्चतर, हि0 प्र0 द्वारा उक्त प्रवक्ता को सेवा नियमों के अन्तर्गत दिनांक 01.12.2011 को पुलिस हिरासत की अवधि से ही निलम्बित कर दिया गया है।

(डा0 ओ0 पी0 शर्मा),
शिक्षा निदेशक उच्चतर,
हिमाचल प्रदेश ।